### इंदौर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

# प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अंतर्गत 2,36,624 महिलाएं हुई लाभान्वित

- वन स्टॉप सेंटर में अभी तक 15683 प्रकरण पंजीकृत कर समाधानित किए गए
- कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में सखी निवास की महत्वपूर्ण भूमिका



इंदौर/भोपाल ■ निसं

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पोषित एवं सहायित महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित सखी निवास और वन स्टॉप सेंटर, बच्चों और महिलाओं के लिए सशक्तिकरण में प्रमुखता से कार्य कर रहे है। 'प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना' के अंतर्गत इंदौर जिले में अब तक 2,36,624 महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में संख्या की दृष्टि से देश में सर्वाधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए इंदौर जिले को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत इंदौर जिले में जन्म लिंगानुपात में सुधार आया है। हृस्नस्न।।-4 के सर्वे में जन्म लिंगानुपात (स्त्रक्च) 849 था 7 हृस्नस्न।।-5 के सर्वे में बढ़कर 996 हो गया है। इस हेतु जिले की सभी 674 सोनोग्राफी मशीन में ट्रेकिंग डिवाइस इंस्टाल किया गया ।उक्त ट्रेकिंग डिवाईस की मदद से पी.सी. एंड पी.एन.डी.टी. सेल को हमारी लाडली पोर्टल के माध्यम से सोनोग्राफी का डाटा प्राप्त होता है। इंदौर में वर्ष 2016 से 'वन स्टॉप सेंटर' से संचालित किया जा रहा है। जहां मुख्य रूप से घरेलू हिंसा एवं महिलाओं पर उत्पीडन निवारण हेतु सेंटर द्वारा सेवाएं दी जाती है। सेंटर पर महिलाओं को आश्रय, चिकित्सा, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता एवं परामर्श सहायता एक ही स्थान से उपलब्ध कराया जाता है। इंदौर 'वन स्टॉप सेंटर' में आरम्भ से अभी तक कुल 15,683 प्रकरण पंजीकृत किये जाकर समाधानित किये गए। वन स्टॉप सेंटर इंदौर द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास हेतु विभिन्न प्रशिक्षणों स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुद्रा आदि से जोड़ने उनकी नौकरी लगवाने, विभिन्न आवश्यक दस्तावेज बनवाने, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने आदि के भी कार्य किये गए है।

अप्रैल, 2024 में इंदौर के पलासिया स्थित 100 बेड वाले नव निर्मित 'वर्किंग वुमन होस्टल' (सखी निवास) बनकर तैयार हुआ है। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना की लागत 8.29 करोड़ रुपये है। सर्व सुविधा संपन्न पॉश इलाके पलासिया में स्थित इस वर्किंग वुमन होस्टल (सखी निवास) में काम-काजी महिलाओं के लिए सिंगल रूम, डबल शेयरिंग रूम, डोरमेट्री, प्रीमियम रूम, मेस, डायनिंग हाल, मनोरंजन कक्ष आदि सुविधाएं उपलब्ध है।

वर्तमान में 'सखी निवास' में विभिन्न क्षेत्रों में जैसे चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, सांख्यिकी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही युवतियां होस्टल में रह रही है। युवतियों के लिए सुरक्षित स्थान पर सर्व सुविधाओं युक्त अत्यंत कम दर पर शासन द्वारा उपलब्ध यह सुविधा उनके कार्य क्षेत्र में बने रहने और विकास के लिए वरदान है। केंद्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु उन्हें समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में आरम्भ और विस्तारित की गई है।

#### दिल्ली से आए राष्ट्रीय मीडिया दल ने भ्रमण एवं अवलोकन किया

महिलाओं के लिए इंदौर में बनाए गए 'वन स्टॉप सेंटर' और 'सखी निवास', इन दोनों सुविधाओं का आज दिल्ली से आए राष्ट्रीय मीडिया दल ने भ्रमण एवं अवलोकन किया। राष्ट्रीय मीडिया डेलिगेशन को संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर संभाग डॉ. संध्या व्यास द्वारा विगत कुछ वर्षों में महिला एवं बाल विकास इंदौर अंतर्गत किये गए कई सफल कार्यों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। दल के सदस्यों को विभिन्न घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं की घरेलू हिंसा से सम्बंधित समस्याओं के समाधान, सफलता एवं उनके पुनर्वास के कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया।

### प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## गरीबों की 100 एकड़ जमीन से हटाया दबंगों का कब्जा




सागर ■ निसं

एसडीएम मनोज चौरसिया के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर कब्जा हटाया और मौके पर ही ट्रैक्टर से बखरनी कराकर जमीन आदिवासियों को सौंप दी। यह जमीन पूर्व में सरकार द्वारा आदिवासियों को पट्टे के रूप में दी गई थी।

सागर जिले के मालथौन तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रसूखदार के कब्जे से आदिवासियों की 100 एकड़ जमीन की वापस करवाई है। मालथौन में रविवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदिवासी किसानों को उनकी लगभग 100 एकड़ जमीन का कब्जा पुनः दिलाया। लंबे समय से इस भूमि पर स्थानीय निवासी रानू सिंघई पिता गोकुल चंद्र जैन का अवैध कब्जा बना हुआ था। आरोप है कि सिंघई ने इस भूमि पर गैरकानूनी ढंग से अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया था।

इस मामले में स्ष्ठरू मनोज चौरसिया के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। स्ष्ठरूके अनुसार इस भूमि के संबंध में आदिवासी किसानों द्वारा कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, जिसके बाद रविवार को नायब तहसीलदार कमलेश सतनामी, थाना प्रभारी अशोक यादव, पटवारी और अन्य राजस्व अमले की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान किसानों को मौके पर ही ट्रैक्टर से जमीन की बखरनी कराकर जमीन सौंप दी गई। यह जमीन मालथौन से सटी पड़ाये क्षेत्र की थी, जहां सरकार द्वारा पूर्व में आदिवासियों को पट्टे जारी किए गए थे। इन्हीं पट्टों की भूमि पर रानू सिंघई ने कब्जा कर रखा था।

### संक्षिप्त समाचार

## तालाब में नहाने गई किशोरी की डूबने से मौत, दो घंटे बाद निकाला गया शव

**छिंदवाड़ा।** तालाब किनारे कपड़े पड़े होने से ग्रामीणों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। एसडीईआरएफ की टीम ने दो घंटे की खोज के बाद शव बाहर निकाला। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के दमुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुर्रेमऊ में सोमवार शाम एक 14 वर्षीय किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान ममता पिता मानक लाल बोसम के रूप में हुई है। ममता शाम के समय गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गई थी। इस दौरान वह तालाब के गहरे हिस्से में चली गई, जहां से वह बाहर नहीं निकल सकी और डूब गई। शाम करीब 5 बजे तालाब किनारे कपड़े पड़े देखे गए। आसपास किसी को न देखकर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने तत्काल दमुआ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (स्ष्ठश्वक्रस्न) को बुलाया गया। टीम ने करीब दो घंटे की तलाश के बाद किशोरी के शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि ममता की मौत तालाब में डूबने से हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## कॉलोनाइजर अभय जैन के खिलाफ कुर्की वारंट जारी

**खंडवा।** खंडवा के इंदौर रोड स्थित नवकार नगर के पीछे अवैध मुरम खनन के 9 साल पुराने मामले में पेनल्टी जमा नहीं करने पर कॉलोनाइजर अभय कुमार जैन के खिलाफ कुर्की वारंट जारी किया गया है। शासन अब उनकी संपत्ति नीलाम कर बकाया राशि वसूल करेगा। 10 फरवरी 2016 को अवैध खनन की शिकायत पर भाजपा पार्षद राजेश यादव, कॉलोनाइजर अभय जैन सहित 12 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में कुल 9 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था। आरोपियों में से राजेश यादव के भाई कमल यादव का निधन हो चुका है, जबकि राजेश यादव को हाई कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। तहसीलदार महेश सोलंकी ने बताया कि अभय जैन की चार संपत्तियां कुर्क की गई हैं। इनमें खंडवा की ओर कुम्बी में तीन भूखंड (खसरा नंबर 232/2, 232/7 और 232/8) तथा जावर स्थित एक संपत्ति (खसरा नंबर 100/1/2) शामिल हैं। कॉलोनी में बिके प्लॉट और सार्वजनिक उपयोग के भूखंडों को छोड़कर अभय जैन का हिस्सा कुर्क किया गया है। एसडीएम कोर्ट ने पहले धारा 147 के तहत सभी आरोपियों को वसूली वारंट जारी किया था। अब शेष आरोपियों की संपत्ति का पता लगाकर उन्हें भी कुर्की वारंट जारी किए जाएंगे।

### इंदौर में बदमाश के घर पर पेट्रोल बम से हमला

## बाइक सवारों ने फेंके बम, गैंगवार की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

इंदौर ■ निसं

इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में निगरानीशुदा बदमाश लोकेश खोपड़े के घर पर पेट्रोल बम फेंकने का मामला सामने आया है। दो अज्ञात युवक बाइक से आए और पेट्रोल बम फेंककर फरार हो गए। घटना 13 जून की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब वायरल हुआ है। लोकेश ने थाने पहुंचकर पुलिस को हमले की जानकारी दी। पहले तो पुलिस मान नहीं रही थी, पर टीआई आरडी कानवा द्वारा तफ्तीश कराने के दौरान सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी।

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दो बाइक सवार आते हैं और लोकेश के घर के बाहर पेट्रोल बम फेंकते हैं। परदेशीपुरा पुलिस ने लोकेश से लिखित आवेदन लिया है। पिछले 4 दिन में दोनों हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस को शक है कि वे विजयनगर क्षेत्र के रहने वाले हो सकते हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया जाएगा, ताकि हमले के पीछे की असली वजह सामने आ सके।



#### निगरानीशुदा आरोपी है लोकेश

लोकेश खोपड़े खुद निगरानीशुदा बदमाश है। उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस को संदेह है कि यह हमला किसी पुराने रंजिश या साजिश का हिस्सा हो सकता है। पुलिस यह भी मानकर चल रही है कि लोकेश ने किसी को फंसाने की कोशिश के तहत यह साजिश रची हो, हालांकि बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

**गैंगवार की आशंका:** इस घटना के बाद इलाके में गैंगवार की आशंका भी गहराने लगी है। बताया जा रहा है कि लोकेश का हीरानगर और परदेशीपुरा के कुछ अन्य बदमाशों से पुराना विवाद चल रहा है।

## मूंग खरीद की नई उपार्जन नीति स्पष्ट न होने से किसानों में रोष

### बोले- आंदोलन स्थगित हुआ, खत्म नहीं

सीहोर ■ निसं

भैरूंदा कृषि उपज मंडी में किसान स्वराज संघ की बैठक में किसानों ने प्रति हेक्टेयर 15 क्विंटल मूंग की खरीदी की मांग करते हुए सरकार से अविलंब उपार्जन नीति स्पष्ट करने को कहा। ज्ञापन सौंपकर किसानों ने डीएपी और यूरिया उर्वरकों की किल्लत पर भी चिंता जताई। सरकार ने अभी तक मूंग खरीदी को लेकर कोई भी गाइडलाइन जारी नहीं की है, जिसे लेकर किसानों में रोष बना हुआ है। उनका कहना है कि सरकार ने 19 जून से 7 जुलाई तक मूंग खरीदी को लेकर पंजीयन कराए जाने की तिथि घोषित की है। किसानों से कितने क्विंटल मूंग खरीदा जाएगा, इसे लेकर अभी तक कोई भी निर्णय सामने नहीं आया है। किसानों ने कह कि सरकार को इसे स्पष्ट करना होगा। सरकार यह न समझे कि किसानों का आंदोलन खत्म हो गया है, बल्कि हमने अपना आंदोलन स्थगित किया है। यदि किसानों के साथ कोई अन्याय होगा तो पूरा समाज सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने से कोई परहेज नहीं करेगा।




कृषि उपज मंडी में आयोजित हुई किसान स्वराज संघ की बैठक के बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को सौंपा। किसान संघ के गजेंद्र जाट, भगवान सिंह पटेल, विष्णु डोड ने बताया कि नर्मदापुरम में संयुक्त किसान मोर्चा की एक बैठक आयोजित की जा चुकी है, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा समन्वय समिति का गठन किया गया है।

## सूने मकानों में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, एक साल में आठ मकानों पर किया हाथ साफ

उज्जैन ■ निसं

माधव नगर थाना पुलिस ने टीम बनाकर एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जोकि पिछले एक साल से माधव नगर थाना क्षेत्र के सेठी नगर, उदयन मार्ग, कोठी रोड क्षेत्र के सूने मकान को मौका मिलते ही निशाना बना लेता था। पुलिस इस शातिर चोर की पिछले काफी समय से तलाश में थी, जिसके लिए एक टीम भी गठित की गई थी, जो चोर के बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही अब तक हुई चोरी के स्थान के सीसीटीवी, मुखबिर के माध्यम से इस चोर तक पहुंचने का प्रयास कर ही रही थी और उन्हें सफलता भी मिल गई।

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी गुरु प्रसाद पाराशर ने बताया कि थाना माधवनगर क्षेत्र सेठीनगर, उदयन मार्ग, राजस्व कालोनी, कोठी रोड़ के अंतर्गत विगत एक वर्ष से सूने मकानों में ताला तोड़कर चोरी की घटनाएँ हो रही थी जिस पर से थाना माधवनगर पर अपराध




क्र-398/2024, 515/2024, 23/2025, 43/2025, 131/2025, 142/2025, 253/2025, 259/2025 धारा 331(4),305 ए बीएनएस के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए थे। लगातार हो रही इस चोरी पर नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग माधवनगर दीपिका शिंदे के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी माधवनगर निरीक्षक राकेश भारती के मार्गदर्शन मे विशेष टीम का गठन कर लगातार प्रयास किए गए। टीम द्वारा आदतन अपराधियों से पूछताछ करते तथा घटना से संबंधित सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन तथा मुखबिर सूचना के आधार पर कार्य किया और 13.06.2025 को आरोपी मनोहर सेन पिता मांगीलाल सेन उम्र 48 साल नि. कृष्णा परिसर नानाखेडा उज्जैन को मंडीदीप जिला रायसेन को सोना, चांदी, डायमंड के जेवरात मिलने पर गिरफ्तार किया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा पिछले एक वर्ष से माधवनगर थाना क्षेत्र में सूने मकानों का ताला तोड़कर की गई 8 वारदातों का खुलासा किया गया।

**गुरुप्रसाद पाराशर,**
**एडिशनल एसपी**

#### इतने अपराध हैं दर्ज

आरोपी मनोहर सेन पिता मांगीलाल सेन उम्र 48 साल नि. कृष्णा परिसर नानाखेड़ा उज्जैन एक आदतन निगरानी बदमाश है, जिसके विरुद्ध थाना माधवनगर पर 18 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के सभी अपराध चोरी से संबंधित है।

## आर्मी एरिया में पकड़ाए युवक को बांग्लादेश भेजा जाएगा

**जबलपुर।** करीब 20 दिन पहले डुमना एयरपोर्ट से सटे आर्मी एरिया में एक संदिग्ध युवक को घूमते हुए जबलपुर पुलिस ने पकड़ा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि युवक बांग्लादेश का रहने वाला है और घूमते-घूमते मध्यप्रदेश तक पहुंच गया था। 27 मई से अब तक युवक खमरिया पुलिस की कस्टडी में था। अब, चूंकि उसकी गतिविधियां संदिग्ध नहीं पाई गईं, इसलिए जल्द ही मध्यप्रदेश पुलिस उसे उसके देश भेजने की प्रक्रिया पूरी करेगी। बांग्लादेश निवासी 25 वर्षीय युवक रहमत अली के संबंध में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (क्चस्न) और विदेश मंत्रालय से जानकारी मांगी थी। संबंधित विभागों की रिपोर्ट मिलने के बाद युवक को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी 22 जून को उसे पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सुरक्षा बल के सुपुर्द किया जाएगा,

### माध्यमिक शिक्षा मंडल की द्वितीय अवसर परीक्षा शुरू

## रायसेन में 31 केंद्रों पर हो रहे एग्जाम; पहले दिन हिंदी का पेपर



रायसेन ■ निसं

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय अवसर परीक्षा 2025 मंगलवार से शुरू हो गई है। रायसेन जिले में कुल 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में कक्षा 10वीं के 7 हजार 559 और कक्षा 12वीं के 4 हजार 594 विद्यार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों को 8ः40 बजे से परीक्षा केंद्रों में एंट्री दी गई। उत्तर पुस्तिकाएं 8ः50 बजे और प्रश्न पत्र 8ः55 बजे वितरित किए गए।

**असफल या अनुपस्थित रहे विद्यार्थी दे रहे परीक्षा:** कक्षा 10वीं की परीक्षा 17 से 26 जून तक चलेगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार, मुख्य परीक्षा में एक या ज्यादा विषयों में असफल या अनुपस्थित रहे विद्यार्थी सभी विषयों की परीक्षा दे सकते हैं।

### राजा हत्याकांड मामला: सोनम के भाई को लेकर उठ रहे सवाल

# गोविंद खेल रहा सेफ गेम, रिटर्न टिकट, गहने की बात छुपाई

इंदौर ■ निसं

सोनम के बैंक अकाउंट में पंद्रह लाख रुपये थे। एटीएम कार्ड भी उसके पास था, लेकिन सोनम और राजा के लापता होने के दौरान भी इसका खुलासा नहीं हुआ। गोविंद को भी इतनी राशि का पता होगा।

अपने पति राजा की हत्या करने वाली सोनम रघुवंशी का भाई गोविंद भी लगातार चर्चा में है। इस हत्याकांड के दाग उसके दामन पर न आए, उससे बचने की हर कोशिश वह कर रहा है। गोविंद सेफ गेम खेल रहा है, ताकि अपनी बहन के किए का आक्रोश उसे व उसके परिवार को न झेलना पड़े। सोनम के रिटर्न टिकट न कराने और शादी के गहने हनीमून पर ले जाने की बात उसने क्यो राजा के परिजनों और पुलिस से छिपाई। यह समझ से परे है, या उसे ही पता नहीं था। क्या गोविंद ने अपनी बहन के राज पर पर्दा डालने की कोशिश की?

**बिन बुलाए जा रहा राजा के घर:** गोविंद अपने प्लाइवुड के कारोबार में मंजा हुआ खिलाड़ी तो है ही। बहन सोनम के कारण परिवार पर आए संकट को भी 'आपदा में अवसर' की तरह भुना रहा है। कभी वह राजा की मां उमा से गले मिलकर रोते हुए नजर आ रहा है तो कभी



उज्जैन में अपने जीजा राजा का तर्पण करने चला जाता है। बिना बुलाए राजा की तेरहवीं पर भी वह जा पहुंचा। उसका इतना आना-जाना अब राजा के परिजनों को भी खटकने लगा है और उन्होंने गोविंद के नार्को टेस्ट की मांग भी कर डाली। मीडिया ट्रायल में भी गोविंद ने बड़ी चतुराई से सोनम द्वारा राज को राखी बांधने की बात छेड़कर नई बहस को जन्म दे दिया, जबकि शिलांग पुलिस ने राज और सोनम के बीच अवैध संबंध होने की बात कही।

**क्या है गोविंद का सेफ गेम**

■ बहन सोनम के कारण गोविंद और उसके परिवार को सामाजिक बहिष्कार न झेलना पड़े, इसलिए वह राजा के परिवार के साथ खड़ा हो गया।

■ गोविंद की बालाजी फर्म का नाम हवाला कारोबार में उछला है। राज और जितेंद्र रघुवंशी के खातों का उपयोग सोनम करती थी। अपनी फर्म की जांच से वह संबंधित विभागों का ध्यान हटाना चाहता है।

■ राज और सोनम के बीच भाई बहन के संबंध को प्रचारित कर गोविंद ने शिलांग पुलिस के प्रेम त्रिकोण की थ्योरी को गलत साबित करने की कोशिश की, ताकि इस केस के ट्रायल के दौरान कोर्ट में सोनम के मनोरोगी होने या दिमागी संतुलन ठीक न होने का बिन्दू भी उठ सके, हालांकि शिलांग पुलिस ने आरोपी सोनम रघुवंशी की मेडिकल जांच के मेघालय इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ न्यूरोसाइंस से भी कराई है।

**क्या गोविंद ने गहने और रिटर्न टिकट की बात राजा के परिजनों व पुलिस से छुपाई?**

■ राजा और सोनम हनीमून पर गए, लेकिन सोनम ने आने के टिकट नहीं कराए थे। क्या यह बात गोविंद को मालूम थी। यदि उसे पता था तो यह बात उसने पुलिस और राजा के परिजनों से क्यों छुपाई। राजा खुद अपनी बहन को छोड़ने एयरपोर्ट पर गया था।

■ सोनम शादी में मिले गहने अपने साथ ले गई। राजा को भी उनसे सोने की चेन पहने रखने का दबाव बनाया। इस बात को लेकर राजा की मां ने सोनम की मां को फोन भी लगाया था। भाई होने के नाते गोविंद को भी गहने साथ ले जाने की बात पता होगी, लेकिन लापता होने पर कभी गोविंद की तरफ से इसका खुलासा नहीं हुआ।

■ सोनम के बैंक अकाउंट में पंद्रह लाख रुपये थे। एटीएम कार्ड भी उसके पास था, लेकिन सोनम और राजा के लापता होने के दौरान भी इसका खुलासा नहीं हुआ। गोविंद को भी इतनी राशि का पता होगा। राजा की लाश मिलने के बाद बहन के अपहरण की आशंका भी गोंविद ने जताई,लेकिन बैंक अकाउंट जांचने की मांग उसने पुलिस से नहीं की और न ही अपने स्तर पर अपनी फर्म के किसी सहयोगी से बैंक स्टेटमेंट पता करने के बारे में कहा।

# कस्टडी में मौत: जेलर-टीआई समेत 5 पुलिसकर्मियों पर अब गिरेगी गाज

## साल 2015 का मामला: युवक की मौत, परिजनों ने लगाए थे गंभीर आरोप

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में साल 2015 में पुलिस कस्टडी में 22 साल के मोहसिन नाम के युवक की मौत के मामले में टीआई, जेलर, 5 पुलिसकर्मी और एक डॉक्टर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे ने इन सभी की रिवीजन याचिका खारिज कर दी है। अब इनके खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप में केस चलेगा। मोहसिन की मौत के बाद परिजनों ने कोर्ट में प्राइवेट शिकायत दर्ज कराई थी।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष मिश्रा ने जांच के बाद 8 लोगों पर आपराधिक धाराएं लगाईं थीं। आरोपियों में तत्कालीन टीटी नगर थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया, जेलर आलोक बाजपेयी, डॉ. आरएन साहू सहित घटना के वक्त क्राइम ब्रांच में पदस्थ आरक्षक मुरली, चिंरोजीलाल, दिनेश खजूरिया, अहसान, एएसआई डीएल यादव(अब रिटायर) शामिल हैं। सभी ने मजिस्ट्रेट के आदेश को सत्र न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

मृतक के परिवार की ओर से



पैरवी कर रहे वकील यावर खान ने बताया कि कोर्ट ने अपने आदेश में कई अहम बातें बताई हैं। मोहसिन की मौत भोपाल जेल में ही हो गई थी, लेकिन प्रशासन ने सच्चाई छुपाने की कोशिश की। डॉक्टर साहू से झूठी रिपोर्ट बनवाकर मोहसिन को मानसिक रोगी बताया गया और ग्वालियर रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर वह मृत घोषित हुआ। पीएम में पता चला कि मौत 72 घंटे पहले ही हो चुकी थी। उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे। हाथ की कलाई, एड़ी पर रस्सी बांधने के निशान व प्राइवेट पार्ट में सूजन भी पाई गई।

3 जून 2015 को क्राइम ब्रांच भोपाल के सिपाही मुरली, दिनेश खजूरिया और चिरोंजी पूछताछ के लिए मोहसिन को घर से ले गए थे। जब वे मोहसिन को छुड़वाने के लिए क्राइम ब्रांच थाने पहुंचे तो उनसे दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई।

मांग पूरी नहीं करने पर क्राइम ब्रांच के बाद पुलिस ने मोहसिन पर टीटी नगर थाने में लूट का झूठा अपराध कायम कर उसे अदालत में पेश कर जेल भिजवा दिया। इससे पहले क्राइम ब्रांच और टीटी नगर थाने में उसके साथ मारपीट की गई थी। उसके प्राइवेट पार्ट में करंट लगाया था। इस बात की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में हुई थी। जेल में भी जेलर पर मोहसिन से मारपीट किए जाने के आरोप परिजन ने लगाए थे।



भोपाल। स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में महापौर मालती राय से महापौर हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सभी समस्याओं को हल करने हेतु आदेशित किया।

## साइबर पुलिस ने लड़कियों के लिए जारी की एडवाइजरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में साइबर पुलिस ने लड़कियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। प्रदेश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों के बाद राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने छात्राओं और महिलाओं के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में बताया गया है कि कैसे फर्जी प्रेमजाल में फंसाकर युवतियों को नशा, यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का शिकार बनाया जा रहा है। साइबर पुलिस की एडवाइजरी के मुताबिक अपराधी स्कूल, कॉलेज या कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्राओं से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर जल में फंसाते है।

**घटना होते ही 1930 पर शिकायत करें**

## आईएएस नियाज खान ने अरब के खिलाफ खोला मोर्चा

### बोले- भारत को अरब की संस्कृति से बचाना होगा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नियाज खान एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर अरब संस्कृति पर तीखा हमला बोला है। उनके अनुसार, भारत में अरब संस्कृति का बढ़ता प्रभाव चिंता का विषय है और इसे रोका जाना चाहिए। नियाज खान ने लिखा कि इस्लाम को अरब के लोगों ने फैलाया और नतीजा यह हुआ कि भारत के तीन टुकड़े हो गए। अब भविष्य में भारत को अरब संस्कृति से बचाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर आज भी अरब जैसा पहनावा- सिर पर रिंग वाला कपड़ा और लंबा लिबास देखने को मिलता है। यह सब भारत



की संस्कृति के खिलाफ है।

नियाज खान ने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वे भारतीय संस्कृति का सम्मान करें और कहा कि अरब के लोग विलासिता में डूबे हैं। भारत के मुसलमानों से उन्हें कोई मतलब नहीं। हमारे अपने लोग भारत के हिंदू हैं, क्योंकि हम सभी यहीं से जन्मे हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जो लोग अरब के सूखभोगी कपड़े पहनते हैं, उन्हें यह बंद करना चाहिए। भारत को अब अरब नहीं बनने दिया जाएगा।

## 90 डिग्री मोड़ वाला ऐशबाग पुल सभी की सहमति से बना अब फुटपाथ तोड़ चौड़ा होगा

**भोपाल।** ऐशबाग क्षेत्र में स्थित देशभर में चर्चित 90 डिग्री मोड़ वाला फ्लाईओवर अब रिडिजाइन किया जाएगा। इस फ्लाईओवर के फुटपाथ को तोड़कर करीब तीन फीट अतिरिक्त टर्निंग स्पेस बनाई जाएगी। साथ ही रेलवे ने ब्रिज को 10 फीट और चौड़ा करने की अनुमति भी दे दी है, जिससे इसमें चार फीट और चौड़ा किया जाएगा। इसका निर्माण ठेकेदार अपने खर्च पर करेगा। फ्लाईओवर पर इलेक्ट्रिक सिग्नल, स्पीड ब्रेकर, रैलिंग और रोड साइन जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं भी लगाई जाएंगी। सरकार द्वारा इस ब्रिज की जांच करवा ली गई है और यह स्पष्ट किया गया है कि इसका ड्राइंग, डिजाइन और निर्माण एक सामूहिक सहमति का परिणाम था। इस फ्लाईओवर को प्रशासकीय स्वीकृति वर्ष 2018 में मिली थी, लेकिन तत्कालीन सरकार की असहमति के कारण निर्माण 2022 में शुरू हुआ। डिजाइन की अनुमति रेलवे से प्राप्त हुई थी। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहमति से हुआ।

**तीन जांच टीमों की रिपोर्ट में दिए सुझाव:** सरकार ने तीन टीमों से फ्लाईओवर की सुरक्षा जांच कराई। एनएचएआई अधिकारी आरओ एस.के. सिंह ने सुझाव दिया कि इस ब्रिज पर 30 किमी/घंटा से अधिक रफ्तार की अनुमति न हो। ब्रिज की दीवार ऊंची की जाए। सटीक संकेत और पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था हो। फुटपाथ को तोड़कर ब्रिज में शामिल किया जाए।

### हमीदिया कॉलेज-मस्जिद विवाद

## प्रिंसिपल ने एसीएस से की शिकायत, कहा- अजान से पढ़ाई और परीक्षा में होती है दिक्कत

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल में स्थित प्रतिष्ठित हमीदिया महाविद्यालय इन दिनों एक नए विवाद की चपेट में आ गया है। कॉलेज परिसर में स्थित मस्जिद को लेकर छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने सुरक्षा, अनुशासन और पढ़ाई के माहौल पर सवाल खड़े किए हैं। जिसके बाद कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. पुष्पलता चौकसे ने उच्च शिक्षा विभाग के एसीएस अनुपम राजन से इसकी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पास बनी मस्जिद में अजान के कारण परीक्षा के दौरान छात्र डिस्टर्ब होते हैं। नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान यह समस्या सामने आई है।

**कॉलेज की ओर खुलता है मस्जिद का गेट :** प्रिंसिपल के अनुसार, मस्जिद का एक गेट कॉलेज की ओर खुलता है, जिससे बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इससे अनुशासन और सुरक्षा पर असर पड़ता है।




### मस्जिद में नमाज के दौरान बाहरी लोगों की आवाजाही

*यहां अध्यनरत छात्रों का भी आरोप है कि मस्जिद में नमाज के दौरान बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती है और साथ ही क्लासरूम में पढ़ाई और परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित होते हैं। उच्च शिक्षा विभाग की वीसी में कॉलेज प्रिंसिपल ने यह मुद्दा उठाया है।*

उन्होंने प्रशासन से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि मस्जिद कॉलेज की जमीन पर है या नहीं। डॉ. चौकसे का कहना है कि यदि जमीन कॉलेज की है, तो उसे खेल मैदान के रूप में विकसित करने की अनुमति दी जाए।

## भोपाल का एक और अजूबा: अब ये घड़ी हो रही वायरल



**भोपाल।** राजधानी भोपाल एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गया है। हाल ही में जहां 90 डिग्री के अजीबो-गरीब ब्रिज ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया था, वहीं अब शहर की एक सार्वजनिक जगह पर लगी ऐसी घड़ी का वीडियो वायरल हो रहा है जो दो अलग-अलग समय दिखा रही है।

**पॉलिटेक्निक चौराहे पर यह डिजिटल घड़ी :** भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे पर यह डिजिटल घड़ी बड़े पोल पर लगी है। हैरानी वाली बात यह है कि इस घड़ी में एक जैसा समय नहीं दिखाई देकर अलग-अलग टाइम दिख रहा है। मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस ने घड़ी का वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर इसे नौवां अजूबा बता दिया। 90 डिग्री ब्रिज के बाद अब घड़ी को लेकर शहर की किरकिरी हो रही है। लोगों ने मजाकिया अंदाज में कहा कि कहा 90 डिग्री ब्रिज वाले इंजीनियर ने ही यह घड़ी बनाई होगी।

### अत्याधुनिक ई-बस डिपो के लिए टेंडर जारी

## भोपाल में 4 महीने की भीतर 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी



भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल के कई रूटों में सिटी बसें बंद होने से शहर के यात्रियों की परेशानी बढ़ हुई है। अब नगर निगम चार महीने के भीतर 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी तेज कर दी है। इससे पहले भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) एक आधुनिक मेंटेनेंस हब तैयार करेगा। यहां करीब 50 ई-बसों के लिए डिपो बनाया जाएगा, जिसमें रिपेयरिंग से लेकर चार्जिंग तक की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि यह परियोजना केंद्र और राज्य सरकार दोनों के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा सकेगी। नगर निगम ने भोपाल के बैरागढ़ और कस्तूरबा नगर भेल क्षेत्र में ई-बसों के डिपो बनाने की तैयारी कर ली है। अब भेल प्रबंधन द्वारा कस्तूरबा नगर से सटी लगभग 3 एकड़ भूमि नगर निगम को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे ई-बसों के संचालन को और मजबूती मिलेगी।

### डेढ़ करोड़ तक रहेगी एक बस की कीमत

इलेक्ट्रिक वाहनों और तकनीकों का बढ़ावा (ई-मोबिलिटी) देने के लिए बीसीएलएल एक निजी कंपनी के माध्यम से 100 नई ई-बसें खरीदने की तैयारी कर रही है। ये बसें इसी साल अक्टूबर में भोपाल पहुंचेंगी। जानकारी के अनुसार, एक बस की कीमत एक करोड़ से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक होगी। यह सभी बसें प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना के तहत चलाई जाएंगी, जिनका संचालन ग्रीन सेल कंपनी करेगी।

### ननि पर आर्थिक बोझ कम

ग्रीन सेल कंपनी को बीसीएलएल इन बसों के लिए 58 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान करेगी, जिसमें से 22 रुपये का अनुदान केंद्र सरकार की ओर से दिया जाएगा। इससे नगर निगम पर आर्थिक बोझ भी कम पड़ेगा।

### अलग-अलग हादसों में दो ने गंवाई जान

## डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत कार की टक्कर से पिता की जान गई

भोपाल ■ अमृत दर्शन


छोला मंदिर इलाके में एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इधर बिलखिरिया इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद पिता को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार रवि अहिरवार पुत्र बाबूलाल अहिरवार (25) आदमपुर छावनी थाना बिलखिरिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार को वह काम से छोला मंदिर गया था। रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। गणेश मंदिर के पास उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने रवि को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना था कि हादसे के समय बाइक की रफ्तार काफी ज्यादा थी, इसलिए डिवाइडर से जाकर टकरा गई थी।

### घायल पिता ने तोड़ा दम बेटे का चल रहा इलाज

इधर बिलखरिया इलाके में एक कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल बंसल (50) सेहतगंज जिला रायसेन के रहने वाले हैं। उनकी बेटी की शादी छावनी बिलखिरिया में हुई है। रविवार को वह अपने बेटे सौरभ के साथ बाइक पर बैठकर बेटी की ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पिता-पुत्र बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने कन्हैयालाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बेटे का इलाज चल रहा है।



## मानसून की दस्तक, कई जिलों में बारिश का अलर्ट

### एक सप्ताह में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में एक दिन पहले सोमवार को मानसून की एंट्री हो गई है। बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून प्रदेश में पहुंचा। अगले एक सप्ताह में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में पहुंचेगा। प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। कहीं-कहीं भारी या अति भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने मंगलवार को जिन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, सतना, मैहर, मऊगंज, कटनी, जबलपुर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी और नीमच शामिल हैं। यहां हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है।

### यह सिस्टम एक्टिव

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक ने बताया कि वर्तमान में 2 साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इस वजह से आंधी-बारिश का दौर जारी है। वहीं, मानसून भी सक्रिय हो गया है। इस बार देश में मानसून 8 दिन पहले ही आ गया था। वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्यप्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। 13-14 जून को मानसून आगे बढ़ा। बावजूद यह प्रदेश में 1 दिन लेट हो गया। बता दें कि एमपी में मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ था।

### मप्र कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस: पीसीसी चीफ जीतू बोले

## भाजपा और आरएसएस की नर्सरी है मध्यप्रदेश

### पहले गांधी फिर नेहरू और अब अंडेबकर टारगेट पर, दिग्विजय ने कही यह बात

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी और सरकार पर सियासी निशाना साधा है। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया ने संयुक्त प्रेस वार्ता ली।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा- मध्यप्रदेश बीजेपी और आरएसएस की नर्सरी है। भाजपा वाले प्रदेश में भ्रम फैला रहे हैं की संविधान के संस्थापक अंबेडकर नहीं बी एन राव है। भाजपा वाले पहले गांधी को टारगेट किया फिर नेहरू जी को अब अम्बेडकर जी को टारगेट कर रहे है। ग्वालियर में एक पोस्टर लगा उसमें लिखा बाबा साहब संविधान निर्माता नहीं हैं। जब से अमित शाह ने देश की संसद में बाबा साहब के अपमान की शुरुआत की तब से भाजपा ने अभियान चलाया है। क्या ये ऋस्स का एजेंडा है, जिसे पूरा करने में लगे हुए है।

ग्वालियर में संविधान निर्माता को लेकर पोस्टर लगा है। ग्वालियर में अम्बेडकर की मूर्ति लगवाने के लिए अभियान चलाएंगे। 23, 24 और 25




जून को कांग्रेस अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करेगी। 23 जून को पूरे प्रदेश में घर घर जाकर बाबा साहेब और संविधान के बारे जानकारी देगी। 24 जून को गरीब बस्तियों में जाकर चर्चा और भोजन करेंगे। 25 जून को ग्वालियर में एक दिवसीय उपवास करेगी कांग्रेस पार्टी जिसमें विधायक भी मौजूद रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा-बी. एन. राव संविधान कमेटी में सदस्य नहीं थे। उनसे सिर्फ वकील के तौर पर राय ली गई थी। जो पोस्टर बांटे जा रहे उसमें लिखा हुआ है बीएन राव ने संविधान में कई आर्टिकल लिखें, ये बात इनको पता कहां से चल रहा है। ये सिर्फ विचारधारा की लड़ाई है। ये बात कहां से आई की संविधान का निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर का कोई हाथ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लग सकती है तो ग्वालियर हाईकोर्ट में क्यों नहीं?

### इतिहास बदलने का प्रयास

दिग्विजय ने कहा प्रशिक्षण में क्या कुछ सिखाया गया हमें नहीं पता, जब मुद्दा गर्म था तो भाजपा नेता प्रशिक्षण कर रहे थे। डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी के समय संविधान बदलने के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- बीजेपी लगातार इतिहास बदलने का प्रयास कर रही है। बाबा साहेब का अपमान करने वालों के खिलाफ कांग्रेस हमेशा खड़ी रहेगी।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।